राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

# राज्यपाल ने चैत्र नवरात्र में मां विंध्यवासिनी के दर्शन किए

## पूजा–अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली की कामना की

जयपुर, 6 अप्रैल। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने बुधवार को मिर्जापुर जिले के विंध्याचल जाकर मां विंध्यवासिनी के दर्शन किए।

राज्यपाल ने राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सत्यवती मिश्र एवं परिवारजनों के साथ पूजा–अर्चना कर विंध्यवासिनी माता से देश और प्रदेशवासियों की सुख–समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। श्री मिश्र ने कहा कि चैत्र नवरात्र के शुभ अवसर पर मां विंध्यवासिनी के दर्शन परम सौभाग्य की बात है और उनकी कृपा सभी पर बनी रहे, यही मेरी कामना है।

उल्लेखनीय है कि राज्यपाल श्री मिश्र आज पूर्वान्ह राजकीय विमान से दो दिवसीय प्रवास पर वाराणसी पहुंचे थे।

—————